**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ**

संख्याः—एमई—3/2017/294 लखनऊःदिनांकः22 मई, 2017

**नीट पी0जी0 2017 ऑनलाईन काउंसिलिंग के द्वितीय चक्र से आवंटित छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में**

**आवश्यक सूचना**

नीट पी0जी0 2017 यू0पी0 काउंसिलिंग के द्वितीय चक्र से आवंटित छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या—1685/71—2—17—4—2017 दिनांक 20 मई, 2017 द्वारा द्वितीय काउंसिलिंग के पश्चात् आवंटन पत्रों को डाउनलोड किये जाने एवं प्रवेश लिये जाने की अन्तिम तिथि को संशोधित करते हुये दिनांक 20 मई, 2017 से 23 मई, 2017 तक निर्धारित की गई है।

अतः समय की अल्पता को दृष्टिगत रखते हुये छात्रहित में द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से पूर्व छात्रों द्वारा सम्बन्धित कालेजों से प्राप्त की गयी अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर दिनांक 23 मई, 2017 तक प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाती है। प्रवेश के समय छात्रों को सम्बन्धित कालेजों के प्रधानाचार्यो के समक्ष इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह दिनांक 25 मई, 2017 को सायं 05.00 बजे तक निश्चित रुप से अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र मूलरुप में प्रस्तुत कर देगें, अन्यथा की स्थिति में उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जाये।

( वी0 एन0 त्रिपाठी )
महानिदेशक